POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 19.08.2025

थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा 24 घंटे के अन्दर हत्या के प्रयास के अभियोग का नामजद अभियुक्त गिरफ्तार, निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 लोहे की कुल्हाड़ी बरामद ।

थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 404/2025 धारा 109 बीएनएस के नामजद अभियुक्त शिवलाल भारतीया पुत्र रामचन्द्र निवासी खरकौनी थाना नैनी जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक-19.08.2025 को केन्द्रीय कारागार नैनी जेल तिराहा के पास थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त के निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 लोहे की कुल्हाड़ी बरामद की गयी । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

वादी मुकदमा संतोष कुमार पुत्र शिवलाल पता खरकौनी नैनी प्रयागराज के तहरीरी सूचना बाबत विपक्षी द्वारा वादी की मां की गर्दन पर धारदार कुल्हाडी से जान से मारने की नियत से हमला कर देना, जिससे वादी की मां का जबडा टूट जाने के सम्बन्ध में थाना नैनी पर मु0अ0सं0 404/2025 धारा 109 बीएनएस बनाम शिवलाल पुत्र चन्दर के विरूद्ध पंजीकृत हुआ । अभियोग उपरोक्त पंजीकृत कर संबंधित अभियुक्त की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। जिसके क्रम में थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-19.08.2025 को नामजद अभियुक्त

शिवलाल भारतीया उपरोक्त को थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार कर निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 लोहे की कुल्हाड़ी बरामद किया गया।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त शिवलाल भारतीया उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि मैं घरेलू विवाद के कारण कुल्हाड़ी से अपनी पत्नी के ऊपर हमला कर दिया था। पकड़े जाने के डर से मैं ईधर-उधर लुक छिप रहा था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

शिवलाल भारतीया पुत्र रामचन्द्र निवासी खरकौनी थाना नैनी जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 50 वर्ष।

संबंधित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 404/2025 धारा 109 बीएनएस थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।

बरामदगी का विवरण-

01 लोहे की कुल्हाड़ी (अभियुक्त उपरोक्त की निशांदेही पर)

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम, थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 पुरूषोत्तम लाल जी, थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. हे0का0 पवन कुमार दूबे, थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 सत्येन्द्र कुमार, थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।

थाना मऊआइमा पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना मऊआइमा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-244/25 धारा-376/504/506/406/323 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त दिलीप कुमार पुत्र दशरथ लाल निवासी ग्राम बांका जलालपुर थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना मऊआइमा पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-19.08.2025 को थाना मऊआइमा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सरपताही स्थित नहर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

दिलीप कुमार पुत्र दशरथ लाल निवासी ग्राम बांका जलालपुर थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 23 वर्ष।

सम्बन्धित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0-244/25 धारा-376/504/506/406/323 भा0द0सं0 थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 विनय कुमार यादव, थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 अमलेश कुमार, थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 दुर्गा प्रसाद नायक, थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज।